भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 217
02 फरवरी, 2026 को उत्तर के लिए

देश में ईसीएचएस के अंतर्गत पैनलबद्ध अस्पताल

217. श्री संदोष कुमार पी:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में ईसीएचएस के अंतर्गत पैनलबद्ध अस्पतालों की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि ईसीएचएस के अंतर्गत पैनलबद्ध अस्पताल पूर्व सैनिकों को आवश्यक स्वास्थ्य देख-रेख सेवाएँ प्रदान करने से इनकार कर रहे हैं;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने कुछ अस्पतालों का ईसीएचएस योजना में बने रहने की अनिच्छा पर ध्यान दिया है; और

(ड.) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) से (ड.): देश में ईसीएचएस के अंतर्गत पैनलबद्ध अस्पतालों की राज्यवार संख्या संलग्न **अनुलग्नक** में दी गई है। ईसीएचएस अपने व्यापक पॉलीक्लिनिक नेटवर्क और पैनलबद्ध अस्पतालों के माध्यम से भूतपूर्व सैनिकों को कैशलेस और कैपलेस स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करता है। विगत कुछ वर्षों में ईसीएचएस के अंतर्गत अस्पतालों की संख्या में वृद्धि हुई है।

"देश में ईसीएचएस के अंतर्गत पैनलबद्ध अस्पताल" के बारे में राज्यसभा में दिनांक 02 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न सं. 217 के भाग (क) से (ड.) उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

संख्या	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	आज तक पैनल में शामिल ईसीएचएस अस्पतालों की संख्या
1.	उत्तर प्रदेश	423
2.	पंजाब	361
3.	राजस्थान	255
4.	महाराष्ट्र	276
5.	हरियाणा	478
6.	केरल और लक्षद्वीप (संघ राज्य क्षेत्र)	152
7.	उत्तराखंड	70
8.	बिहार	61
9.	हिमाचल प्रदेश	41
10.	तमिलनाडु, अंडमान और निकोबार (संघ राज्य क्षेत्र)	112
11.	पश्चिम बंगाल	61
12.	कर्नाटक	96
13.	आंध्र प्रदेश	103
14.	जम्मू और कश्मीर व लद्दाख (संघ राज्य क्षेत्र)	21
15.	दिल्ली	309
16.	मध्यप्रदेश	91
17.	ओडिशा	27
18.	असम और अरुणाचल प्रदेश	26
19.	गुजरात, दादरा और नगर हवेली (संघ राज्य क्षेत्र) व दमन और दीव (संघ राज्य क्षेत्र)	44
20.	झारखंड	20

संख्या	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	आज तक पैनल में शामिल ईसीएचएस अस्पतालों की संख्या
21.	तेलंगाना	37
22.	मणिपुर और नागालैंड	2
23.	चंडीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र)	23
24.	छत्तीसगढ़	19
25.	मिजोरम, आइजोल	2
26.	मेघालय	2
27.	त्रिपुरा	1
28.	पुडुचेरी (संघ राज्य क्षेत्र)	5
29.	गोवा	2
30.	सिक्किम	1
कुल		3121*

* इसके अलावा, वर्तमान में, 23 पैनलबद्ध अस्पताल नेपाल में स्थित हैं।

*****